तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 09.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 21 दिसंबर 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

14 निष्ठा और ईमानदारी से जिम्मेदारी को पूरा कर...



14 अंतागढ़ के स्कूलों का डीईओ ने निरीक्षण...








## खबर संक्षेप

### सामुदायिक भवन के लिए हुआ भूमिपूजन



**भानुप्रतापपुर।** विकासखण्ड भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम चवेला में आदिवासी हल्बा समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन विधायक सावित्री मनोज मंडावी के करकमलों से किया गया। इस अवसर पर जगजीत नागेश सुनाराम तेता, गिरजा देवी साहू, विरेन्द्र सिंह ठाकुर, सुनील बबला पाढ़ी, गुरदीप सिंह ढिंढसा, भगवान सिंह कुंजाम, खेमीन बंजारे, नरेन्द्र नागेश, नारद यादव, कोमल देहारी, गोपाल राठी, संदीप सिन्हा, बिसंबर बंजारे, दूरभाषा तिवारी, चरण मरकाम एवं समाज के अनेक लोग उपस्थित रहें।

### उज्ज्वला व सामान्य गैस के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के समस्त उज्ज्वला गैस कनेक्शन हितग्राहियों एवं सामान्य गैस कनेक्शन हितग्राहियों के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इसी क्रम में हितग्राहियों की सुविधा के लिए विशेष शेष पेज 12 पर

**अफवाह :** अफवाह पर थाने में जुटी भीड़, थानेदार ने बताई सत्यता

# तेलगुड़ा सरपंच के पिता के शव दफनाने की बात निराधार, प्रशासन ने किया खंडन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर


**खास बातें**

- कांकेर में अफवाहों का बाजार गर्म, अफवाह फैलाने वाले पर अब होगी कार्रवाई
- रेत खदान संचालक ने किया पूजा पाठ, अफवाह फैलाने वाले ने रंग को मान लिया सिंदूर



विकासखंड चारामा के ग्राम पंचायत तेलगुड़ा में मतांतरित सरपंच के पिता के शव को दफनाए जाने को लेकर क्षेत्र में फैली चर्चाओं और थाना में पहुँचे सैकड़ो लोगो को चारामा थाना प्रभारी एवं तहसीलदार ने सिरे से खारिज करते हुए इसे कोरी अफवाह बताया है। पुलिस प्रशासन के अनुसार इस प्रकार की कोई घटना न तो उनके संज्ञान में आई है और न ही किसी स्तर पर इसकी पुष्टि हुई है। बावजूद इसके, सोशल मीडिया और ग्रामीण स्तर पर इस विषय को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं जारी रहीं, जिससे क्षेत्र में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई।

चारामा क्षेत्र में खबर फैलते ही शनिवार 20 दिसंबर की दोपहर को ग्रामीण, भाजपा संगठन के पदाधिकारी एवं अन्य संगठन के लोग पहुँच गए और बड़े तेवड़ा के मतांतरित सरपंच को तेलगुड़ा में नदी किनारे दफन किया गया है, शव को उखाड़ने की बात करने लगे। कुछ समय बाद तहसीलदार भी मौके पर पहुँच गए और थाने के पास जुटी भीड़ को समझाने का प्रयास किया कि ऐसा कुछ भी नहीं है। थाना प्रभारी तेज वर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि तेलगुड़ा ग्राम में किसी भी धार्मिक या सामाजिक नियमों के विरुद्ध शव दफनाने जैसी कोई घटना नहीं हुई है। पुलिस द्वारा प्रारंभिक जांच और स्थानीय लोगों से पूछताछ में भी इस तरह की बातों की पुष्टि नहीं हो पाई। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध सूचना की जानकारी सीधे पुलिस या प्रशासन को दें। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का अमला जब समझा रहा था, तभी एक वीडियो थानेदार के पास आया, उसमें बताया गया कि तेलगुड़ा रेत खदान जिसे आवंटित हुई है, उस ठेकेदार के अमले ने पूजा पाठ किया है, जहाँ पर सिंदुर, अगरबत्ती और नारियल रखा गया था। उसी को देख लोगों ने क्षेत्र में गलत ढंग से भ्रम फैलाने का काम किया गया है। कुछ लोगों के द्वारा बिना पुष्टि के शेष पेज 12 पर



### कानूनी कार्रवाई की जाएगी

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, रेत खदान के संचालन को लेकर सभी आवश्यक अनुमति और औपचारिकताओं का पालन किया गया है। पूजा-पाठ करना किसी भी व्यक्ति का निजी धार्मिक अधिकार हो सकता है, लेकिन उसे गलत तथ्यों के साथ जोड़कर सनसनी फैलाना अनुचित है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर अफवाह फैलाने का दोषी पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

### शव दफनाने की खबर निकली भ्रामक

चारामा थाना प्रभारी तेज वर्मा ने कहा कि शव दफनाने से जुड़ी खबर पूरी तरह भ्रामक है। थाना पहुँची भीड़ को रेत खदान का वीडियो दिखाया गया, तब उनको विश्वास हो गया कि खबर भ्रामक ढंग से फैलाई गई। उसके बाद भीड़ संतुष्ट होकर अपने अपने गांव चली गई। फिलहाल पुलिस और प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं।

## चोरी की बिजली से जल टंकी के निर्माण पर कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति





**पखांजुर।** विकासखंड कोयलीबेड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर के आश्रित ग्राम आड़ाफरसी में टंकी निर्माण 2023-24 से शुरू होना था, जो अब 2025 के अंत माह में आनन फानन में गुणवत्ताहीन निर्माण करवाया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा पिछले एक महीने से अधिक समय से अवैध रूप से खंभे से डायरेक्ट कनेक्शन लेकर मशीनें चलाई जा रही थीं, जिसकी शिकायत हुई, बिजली विभाग ने खानापूर्ति करते हुए कार्यवाही किया। शिकायत मिलने पर विद्युत विभाग की टीम ने पिछले हफ्ते मौके पर दबिश देते हुए हुकिंग में इस्तेमाल बिजली तार जब्त कर लिया गया था। मौके से उपकरणों को जब्त न करते हुए नाम मात्र की कार्यवाही किया और अभी तक ठेकेदार के खिलाफ चलानी नोटिस जारी की प्रक्रिया भी नहीं की है। मौके पर सरिया कटर, बारबरेटर, पंप भी चल रहा था। यहां लगभग पांच किलो वॉट लोड से अधिक की उपकरणों का अवैध हुकिंग कर संचालित होने की संभावना है। टीम को मौके से सामग्री नहीं मिली। ग्रामीणों ने कहा कि यह बिजली चोरी का गंभीर मामला है। विभाग गरीबों पर ऐसे मामलों पर तत्काल कार्यवाही करता है। अब जब बड़े ऊंची पहुंच के ठेकेदार की बात आई तो कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति करता नजर आ रहा है। इस संबंध पर नागरिकों के द्वारा शेष पेज 12 पर

## शाला त्यागी मुक्त ग्राम अभियान का माडल बना कांकेर, 288 शिक्षा से जुड़े स्कूल पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- ऐसी पंचायतों एवं विद्यालय परिवारों को गणतंत्र दिवस पर जिला प्रशासन करेगा सम्मानित



नक्सल प्रभावित और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद कांकेर जिले ने शिक्षा के क्षेत्र में एक मिसाल कायम की है। जिला प्रशासन के सतत प्रयास, जनभागीदारी और मजबूत निगरानी व्यवस्था के चलते शाला त्यागी मुक्त ग्राम अभियान अब राज्य के लिए मॉडल बनकर उभरा है। इस अभियान के माध्यम से सैकड़ों बच्चों को फिर से शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा गया है।

आकांक्षी जिला कांकेर में जिला प्रशासन द्वारा संचालित अनुरोध कार्यक्रम शाला त्यागी मुक्त ग्राम अभियान ने शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा दी है। कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के नेतृत्व, स्पष्ट दिशा-निर्देशों एवं सतत निगरानी में यह अभियान जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में सफलतापूर्वक संचालित किया गया। नक्सल प्रभावित, आदिवासी बाहुल्य एवं दुर्गम क्षेत्रों में भी जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और समुदाय की सक्रिय सहभागिता से यह अभियान एक जनआंदोलन का रूप ले सका। जिले के सभी विकासखंडों में निर्धारित समय तक घर-घर सर्वेक्षण कर शाला अप्रवेशी एवं शाला त्यागी बच्चों का चिन्हांकन किया गया। इसमें 6 से 14 आयु वर्ग के साथ-साथ कक्षा 1 से 12 तक के ऐसे बच्चों को शामिल किया गया, जो विभिन्न कारणों से विद्यालय से बाहर थे। सर्वे कार्य प्रधानाध्यापकों, संकुल प्राचार्यों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों के समन्वय से संपन्न हुआ। बच्चों की जानकारी विद्यालयों की उपस्थिति पंजी से मिलान कर निर्धारित प्रपत्र में संकलित की गई। इस दौरान विशेष आवश्यकता शेष पेज 12 पर

## मवेशी को बचाते वाहन हुआ बेकाबू पेड़ से टकराया, हुई चालक की मौत



**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत ग्राम मरकाटोला के पास सड़क पर खड़े मवेशी को बचाने के चक्कर में वाहन का चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। वाहन सड़क के नीचे ऊतर गई और पेड़ से जा टकराई। हादसे में कार चालक का इलाज के दौरान मौत होने पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में पाया गया कि 13 नवंबर को योगेश कुमार आतराम, शरद कुमार रजक, अभिजीत राणा, धनजय देहारी, युगल किशोर साहू कांकेर में अपना काम निपटा कर रात करीबन 9 बजे योगेश कुमार आतराम के कार मारूति एस प्रेसो सीजी 19 बीएल 9749 में बैठकर वापस अंतागढ़ आ रहे थे। कार शेष पेज 12 पर

## भीमसेना के हमले से घायल बड़ेतेवड़ा के मांझी एवं ग्रामीणों से विधायक विक्रम ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



विकासखंड अंतागढ़ के ग्राम बड़ेतेवड़ा में हाल ही में हुए भीम सेना के कथित हमले में घायल हुए गांव के मांझी, ग्रामीणों एवं जवानों से विधायक विक्रम उसेंडी ने जिला अस्पताल पहुंचकर माँझी, ग्रामीण एवं घायल जवानों से मुलाकात किया। विधायक ने घायलों का हालचाल जाना, चिकित्सकों से उनके इलाज की जानकारी ली तथा बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक विक्रम उसेंडी ने स्वास्थ्य विभाग से संपर्क कर घायलों के समुचित इलाज की जानकारी लिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर उन्होंने सभी घायलों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और उन्हें हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। विधायक ने कहा कि गांव में शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी निर्दोष ग्रामीण के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। बताया गया कि बड़ेतेवड़ा गांव में आपसी विवाद के दौरान भीम सेना के कुछ लोगों द्वारा मांझी एवं ग्रामीणों पर हमला किया गया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन शेष पेज 12 पर

### जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।




**खबर संक्षेप**

## राष्ट्रीय कला उत्सव के लिए जिला से दो विधाओं का चयन

**कांकेर।** विगत दिनों शासकीय शिक्षा महाविद्यालय रायपुर में राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें जिला से कुल 26 प्रतिभागियों ने अलग-अलग विधाओं में अपनी प्रस्तुति दिया। प्रतियोगिता में हायर सेकंडरी स्कूल पुसवाड़ा के मिथलेश मंडावी, गौतम नेताम, दीपांशु वट्टी, यूनिस सलाम ने सामूहिक वादन में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल के सानिध्य साहू ने चित्रकला में प्रथम स्थान प्राप्त करके राष्ट्रीय कला उत्सव के लिए चयनित हुए। राष्ट्रीय कला उत्सव प्रतियोगिता 20 से 23 दिसंबर तक पूणा में आयोजित होगा। इसी क्रम में राज्य स्तरीय कला उत्सव में आदित्या रतीस एकल गायन, अवनी सिंह एकल स्वर वादन, अन्वेषा पंथ एकल शास्त्रीय नृत्य तीनों जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल, सोमा विश्वास, रिम्पिकर, सुकृति पाल, पूर्वा ढाली, आराधना कॉन्वेंट स्कूल पखांजूर ने सामूहिक गायन, फानेंद्र कोसमा शाउमावि कोरर ने एकल ताल वादन, जानवी संचेती, खुशबू देवांगन, संजना मरकाम, विद्या शोरी पीएमश्री नरहरपुर ने सामूहिक जन जातीय लोक नृत्य, हेमंत कुमार कुमेटी, रोकी कुमेटी, राम यादव, लखन यादव शा हाईस्कूल ईरादाह ने सामूहिक नाटक, भूपेन्द्र भूआर्य शाउमावि पोटगांव ने मूर्तिकला, मिथलेश दुग्गा और यामिनी दुग्गा शाउमावि मुरडोंगरी ने स्वदेशी खेल खिलौने, खनक सलाम और इशिका वर्मा सेजेस पटौद ने पारंपरिक कहानी वाचन में अपनी सहभागिता दी। सभी विधाओं के प्रतिभागी टीम का नेतृत्व जिला कला उत्सव नोडल अधिकारी पुष्पांजलि ठाकुर ने किया।

## एनएच की खराब स्ट्रीट लाइटें सुधारी और लगाए रिफ्लेक्टर

**जगदलपुर।** दुर्घटनाएं रोकने के लिए जगदलपुर से रायपुर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर खराब स्ट्रीट लाइटों को सुधारा गया और रिफ्लेक्टर लगाने का काम किया जा रहा है। साथ ही रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं, ताकि कोहरे और रात में वाहनों की दृश्यता बढ़े और चालकों को सड़क की स्थिति, मोड़, डिवाइडर और अन्य बाधाओं का पता चले, जिससे सुरक्षित ड्राइविंग सुनिश्चित हो सके और दुर्घटनाएं कम हों। इससे सर्दियों में होने वाली दुर्घटनाओं को में कमी लाने में मदद मिलेगी और ज्यादा से ज्यादा यात्री सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। इसके लिए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर संभाग के एसडीओ एके कुंजाम, उपयंत्री अजय कुमार गहलोत की टीम ने हॉल में जगदलपुर से भानपुरी तक राष्ट्रीय राजमार्ग का अवलोकन किया। उस समय खराब स्ट्रीट लाइट को सुधारा गया और रिफ्लेक्टर लगाया गया। एनएच के एसडीओ एके कुंजाम ने बताया कि कोहरे में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के स्ट्रीट लाईटों को शुरू किया गया। साथ सड़क किनारे रिफ्लेक्टर लगाया गया।

## निर्माणाधीन कार्यों का महापौर ने किया मैदानी निरीक्षण



**जगदलपुर।** शहर में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति को लेकर नगर निगम ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। इसी क्रम में शनिवार को शहर के विभिन्न वार्डों में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तकनीकी अमले को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप हों और किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता न किया जाए। साथ ही समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। नगर निगम का अमला सुबह भगत सिंह वार्ड, वीर सावरकर वार्ड, चंद्रशेखर आजाद वार्ड सहित शहर के प्रमुख क्षेत्रों में पहुंचा, जहां सड़क,नाली,भवन एवं अन्य अधोसंरचना से जुड़े कार्यों की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण सामग्री,कार्य की मजबूती और प्रगति की बारीकी से समीक्षा की गई।

### उभयलिंगी समुदाय कार्यालय के भवन बनाने का दिया गया आश्वासन

# उभयलिंगी समुदाय के पुनर्वास व अधिकार की कार्यशाला में सम्मान समारोह भी हुआ

हरिभूमि न्यूज >>| कांकेर



छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग कांकेर द्वारा उभयलिंगी समुदाय के व्यक्तियों के पुनर्वास एवं अधिकारों के संरक्षण विषय पर यहां कार्यशाला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन कंपोजिट बिल्डिंग, कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला के दौरान उभयलिंगी समुदाय के सदस्यों ने भी अपनी समस्याएं एवं अनुभव साझा किया और साथ ही उनके द्वारा इस आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ शासन एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि उभयलिंगी समुदाय समाज का अभिन्न अंग है और सब का साथ, सब का विकास सरकार की मूल भावना है। उन्होंने उभयलिंगी समुदाय के लिए शहर के मध्य में कार्यालय एवं आवश्यक कार्यों के लिए भवन उपलब्ध कराने की मांग पर शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा ने भी उभयलिंगी समुदाय के शासन के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए उनके कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासो की सराहना की। नगर पालिका परिसद अध्यक्ष अरुण कौशिक ने इस आयोजन के लिए बधाई देते हुए उभयलिंगी समुदाय के सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चों के विशेष विद्यालय द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्टेला ने विभिन्न विभागीय योजनाओं के अंतर्गत उभयलिंगी समुदाय के लिए संचालित योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी साझा की। कार्यशाला में उप संचालक समाज कल्याण विभाग द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। पुलिस विभाग से डीएसपी विंकेश्वरी पिंदे ने उभयलिंगी समुदाय की समस्याओं को सुना एवं उनके समाधान के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उच्च शिक्षा विभाग से मनोवैज्ञानिक अलका ने उभयलिंगी समुदाय के व्यक्तियों की मानसिक स्थिति एवं काउंसलिंग पर विस्तार से जानकारी दी। विधिक सेवा प्राधिकरण की स्वयंसेवी वर्षा पोया ने उभयलिंगी व्यक्तियों को प्राप्त विधिक अधिकारों एवं सुविधाओं पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में उभयलिंगी समुदाय के 08 बस्तर फाइटर एवं 02 पुलिस सेवा में चयनित व्यक्तियों को रोल मॉडल के रूप में शाल, श्रीफल एवं सम्मान चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया और साथ ही सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इस अवसर पर नगर पालिका के उपाध्यक्ष उत्तम यादव, समाज कल्याण विभाग सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, जिला पंचायत, उद्योग विभाग, समाजसेवी संस्था के संस्थापक लक्ष्मी सहारे सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जर्जर पोल बदली, गोयदा में 15 दिनों बाद बिजली आपूर्ति बहाल

हरिभूमि न्यूज >>| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी के आश्रित ग्राम गोयदा में बीते लगभग 15 दिनों से विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बाधित थी। गांव में लगे 3 विद्युत पोल अत्यधिक जर्जर अवस्था में थे, जिसके चलते न केवल बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी, बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई थी। बिजली न होने से ग्रामीणों को अंधेरे, पेयजल, मोबाइल चार्जिंग तथा दैनिक जीवन से जुड़े अनेक कार्यों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामवासियों एवं अध्ययन प्रतिनिधियों द्वारा समाचार पत्र को अवगत कराया गया।

समस्या को प्रमुखता से हरिभूमि में प्रकाशित किए जाने के बाद छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारी हरकत में आए। समाचार प्रकाशन के दूसरे ही दिन विद्युत विभाग की टीम गांव पहुंची और जर्जर विद्युत 3 पोल को बदलने के साथ-साथ बाधित विद्युत लाइन को दुरुस्त कर बिजली आपूर्ति पुनः प्रारंभ कर दी गई। विद्युत आपूर्ति बहाल होने के बाद ग्राम गोयदा के ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने इस त्वरित कार्रवाई के लिए समाचार पत्र का आभार व्यक्त किया और कहा कि मीडिया की सजग भूमिका से उनकी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान संभव हो सका। ग्रामीणों ने दमकसा के कनिष्ठ यंत्री रजनी बारले एवं विभागीय कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि समय पर कार्रवाई से उनकी समस्याओं का समाधान हुआ है और अब गांव में सामान्य जनजीवन पुनः पटरी पर लौट आया है। इस अवसर पर सुदेश तोपा, रूप सिंह कोमरा सहित गोयदा निवासी जागेश्वर, बालेश्वर, मदन कुमार, मनबोध पुडो, अरुण नरेटी, नरोत्तम विदेश यादव एवं करण कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों को जरूरत की समाग्री बांटी, क्रिकेट मैच का प्रदर्शन



**अंतागढ़।** शस्त्र सीमा बल के गौरवपूर्ण 62 वें स्थापना दिवस पर जनकल्याण, सामाजिक सहभागिता एवं आपसी सद्भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अनुकरणीय पहल के अंतर्गत 20 दिसंबर को 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ के अधीन सीओबी डी समवाय खोड़गांव में कमांडेंट अरुण देवगम के कुशल एवं प्रेरणादायी नेतृत्व में गैर सरकारी संस्था के सहयोग से एक बहुआयामी सामाजिक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में वर्तमान शीतकालीन मौसम की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए आसपास के गांवों के जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबलों का वितरण किया गया। इस मानवीय पहल ने ग्रामीणों को ठंड से राहत प्रदान करने के साथ-साथ उनके चेहरों पर सुरक्षा, अपनत्व एवं संतोष की मुस्कान बिखेर दी। खेल, अनुशासन एवं युवा सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम अंजरेल टीम, ग्राम सूप टीम, ग्राम परलभाट टीम तथा ग्राम खोड़गांव टीम ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को क्रिकेट से संबंधित खेल सामग्री, टी-शर्ट आदि वितरित की गईं। खेल भावना को सम्मान देते हुए ग्राम अंजरेल टीम को विजेता एवं ग्राम खोड़गांव टीम को उपविजेता घोषित करते हुए दोनों टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे युवाओं में उत्साह, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम में उस समय चार चाँद लग गए, जब सशस्त्र सीमा बल के जवानों एवं शासकीय हाइस्कूल खोड़गांव के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं।

## पत्नी ने प्रेमी से मिलकर बेटे से की मारपीट, पिता ने कराई रिपोर्ट दर्ज



**कांकेर।** अंतागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बड़े तोपाल में आपसी रंजिश और मारपीट का एक गंभीर मामला सामने आया है। एक व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी और उसके प्रेमी पर अपने नाबालिग बेटे के साथ मारपीट करने और देख लेने धमकी देने का आरोप लगाया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता कि विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। थाना अंतागढ़ में शिकायत करने पहुंचे बड़े तोपाल निवासी 38 वर्षीय अनिल कुमार कोमरा पिता बिसनाथ ने पुलिस को बताया कि मेरी पत्नी महेश्वरी वर्ष 2023 में मुझे छोड़कर देहारी तोपाल निवासी गोविंद देहारी के साथ भाग गई थी। गोविंद और मेरी पत्नी महेश्वरी मेरे घर बड़े तोपाल आए। मेरा पुत्र अकेला था, जिससे तेरा बाप और दादी पूजा पाठ करके मेरा काम बिगाड़ना चाहते है, कहते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया और तेरा दादी और तेरा बाप को देखा लुंगा बोलते हुए चला गया। यह बात मुझे मेरा बेटा आदर्श ने मेरे घर आने के बाद बताया। गोविंद और महेश्वरी 17 दिसंबर को शाम करीबन 7-8 बजे के बीच में मेरे बेटे के साथ मारपीट किए व देख लेने की धमकी दिए है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी गोविंद देहारी और महेश्वरी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## कोया पुनेम व संवैधानिक प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ, देशभर से जुटेंगे युवा एवं युवतियां

हरिभूमि न्यूज >>| चारामा

- पांच दिवसीय प्रशिक्षण 24 दिसंबर तक जारी रहेगा




विकासखंड चारामा अंतर्गत पुरी क्षेत्र के ग्राम काड़ागोंदी में 20 से 24 दिसंबर तक कोया पुनेम एवं संवैधानिक पाँच दिवसीय केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 21 वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है और विशेष रूप से पेसा दिवस के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में देशभर से चयनित युवा एवं युवतियाँ भाग लेंगे, जिनका उद्देश्य आदिवासी समाज को उनकी परंपरागत जीवनशैली, प्रकृति आधारित संस्कृति और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।

च दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में पेसा कानून, वन अधिकार मान्यता कानून, संवैधानिक अधिकार, ग्रामसभा सशक्तिकरण, आरक्षण व्यवस्था, आदिवासी स्वशासन प्रणाली, गोंडवाना के वैज्ञानिक सिद्धांत, कोयतोरियन तकनीक, हम्म-पुंजम, नारी व्यवस्था, टोटेमिक सिस्टम, लिंगो पेन परंपरा, गोंड करसना तकनीक सहित आदिवासी समाज की सदियों पुरानी परंपराओं का सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। देश के विभिन्न हिस्सों से आए विषय विशेषज्ञ, समाज प्रमुख, बुद्धिजीवी, गोंडी पुजारी, सिरमेटी एवं गायक-वादक प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। योजकों के अनुसार इस वर्ष कुल 750 प्रशिक्षणार्थियों को ही प्रवेश दिया जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय कोटा 120, प्रांतीय कोटा 400 तथा क्षेत्रीय कोटा 230 निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण में शामिल होने वाले सभी प्रशिक्षणार्थियों को 20 दिसंबर को दोपहर 2 बजे तक प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा तथा 24 दिसंबर को पेन विदा तक शिविर स्थल पर रुकना होगा। सभी प्रशिक्षणार्थियों को पारंपरिक सफेद पगड़ी एवं सफेद स्कार्फ पहनना अनिवार्य किया गया है और यथासंभव अपने पारंपरिक वेशभूषा व वाद्ययंत्र साथ लाने का आग्रह किया गया है। प्रशिक्षण स्थल पर पॉलीथिन एवं प्लास्टिक से बनी सामग्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। शिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्रतिदिन होने वाले सभी सत्रों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना होगा। भोजन, नाश्ता, स्नान और विश्राम जैसे अवकाश सत्रों में भी पारंपरिक आदिम जीवनशैली को व्यावहारिक रूप से समझाने का प्रयास किया जाएगा।

प्रशिक्षणार्थियों को कार्यक्रम संचालन से जुड़ी अलग-अलग जिम्मेदारियाँ भी दी जाएंगी, ताकि उनमें निर्णय क्षमता और नेतृत्व गुण विकसित हो सकें। किसी भी राजनीतिक दल के नारे, चिन्ह या प्रतीक के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। 24 दिसंबर को राष्ट्रीय स्तर पर पेसा दिवस मनाया जाएगा, जिसमें विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रशिक्षण स्थल तक पहुँचने के लिए रायपुर, कांकेर, जगदलपुर, भानुप्रतापपुर एवं कोरर से मार्ग निर्धारित किए गए हैं।

## 89 वर्षीय बुजुर्ग ने अपनी पेंशन को किया दान

हरिभूमि न्यूज >>| जगदलपुर



बस्तर हाई स्कूल के इतिहास में एक भावुक और प्रेरणादायक क्षण तब देखने को मिला, जब वर्ष 1948 के पांचवी कक्षा के प्रथम बैच के विद्यार्थी कृष्ण मुरारी महापात्र ने अपनी पेंशन राशि में से 21000 विद्यालय को दान स्वरूप भेंट किए। उन्होंने 1948 से 1959 तक इसी विद्यालय में पांचवी से 11वीं कक्षा तक अपनी शिक्षा ग्रहण की थी। शिक्षा के प्रति अपनी कृतज्ञता और विद्यालय से जुड़ी स्मृतियों को सहेजते हुए उन्होंने यह दान दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा महापात्र का 89वां जन्मदिन बड़े ही आत्मीय वातावरण में स्कूल परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर उनका सम्मान किया और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्राचार्य राम कुमार, राकेश तिवारी, श्यामलाल देवांगन,भूतपूर्व छात्र ओमप्रकाश मोहंती, देवेंद्र महापात्र, महेंद्र महापात्र एवं प्रतीक्षा महापात्र एवं उनके साथ पढ़े सहपाठियों की गरिमामयी उपस्थिति रहें।

## हाई स्कूल मधोता में साइकिल वितरण

हरिभूमि न्यूज >>| बस्तर



बस्तर ब्लॉक के हाई स्कूल मधोता के प्रांगण में मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बस्तर सांसद ममहेश कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर हाई स्कूल मधोता जोन के अंतर्गत आने वाले बांलेगा, लामकेर, रोतमा, भैंसगांव एवं बड़े चकवा की छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। इस दौरान कार्यक्रम में मनीराम कश्यप, शकुंतला कश्यप, सुखदेव मंडावी, जयवती कश्यप, सरपंच कलावती यादव, मदन बघेल, ईस्पर मंडावी मौजूद थे।शिक्षा विभाग की ओर से सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी, बीआरसी अजम्बर कोरार्म, संकुल प्राचार्य हाई स्कूल मधोता श्यामलाल नेताम, कुलभूषण सिंह ठाकुर, बिर्जेस प्रसाद,चरण कश्यप, सीआर नाग उपस्थित रहे। इसके साथ ही संकुल समन्वयक कृष्णा सिंह ठाकुर एवं हरदेव बघेल, संकुल खड़का एवं कुंडगुड़ा के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा उनके पालकगण बड़ी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सांसद महेश कश्यप ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल है।

पेज 11 के शेष...

### उज्ज्वला व सामान्य...

ई-केवाईसी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर दिनांक 27 व 28 दिसंबर को आदिम जाति सहकारी समिति दुर्गुकोंदल में आयोजित होगा। शिविर का समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिविर में ई-केवाईसी कराने के लिए हितग्राहियों को गैस कार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाइल फोन साथ लाना अनिवार्य होगा। संबंधित जानकारी प्रबंधक रवि कुमार वर्मा एवं एजेंसी प्रभारी भावेश कुमार सोनी द्वारा दी गई है।

### तेलगुड़ा सरपंच के...

सोशल मीडिया पर बातें फैलाने से मामला और अधिक तूल पकड़ गया। इससे न केवल प्रशासन की छवि प्रभावित होती है, बल्कि सामाजिक सौहार्द पर भी असर पड़ता है।

### चोरी की बिजली...

विभाग को अवगत कराने पर अधिकारी ने ठेकेदार के खिलाफ नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई की बात कही। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतने बड़े सरकारी प्रोजेक्ट में महीनों से खुलेआम बिजली चोरी हो रही थी, लेकिन बिजली विभाग के जिम्मेदार की नजर इस पर कैसे नहीं पड़ी। नागरिकों का आरोप है कि ठेकेदार, बिजली विभाग व अन्य कि मिलीभगत के बिना इतने लंबे समय तक अवैध बिजली उपयोग संभव नहीं था।

विद्युत विभाग के सहायक अभियंता बांदे अगस्ते कुमार ध्रुव ने बताया कि अवैध हुकिंग की जानकारी पिछले हफ्ते मिली थी, मौके पर कोई उपकरण नहीं मिला था, फिर से अगर चोरी की बिजली से निर्माण कर रहा है, तो कार्यवाही किया जाएगा, साथ ही ठेकेदार को नोटिस जारी किया जा रहा है।

### शाला त्यागी मुक्त...

वाले दिव्यांग बच्चों का पृथक चिन्हांकन भी किया गया। 26 नवम्बर को जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई। ग्राम सभाओं में चिन्हांकित बच्चों की सूची का सार्वजनिक वाचन किया गया और पालकों, पंचायत सदस्यों व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में काउंसलिंग कर बच्चों को पुनः विद्यालय में नामांकित कराया गया।

कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने कहा कि ऐसे ग्राम पंचायतों एवं विद्यालय परिवारों को 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। यह अभियान इस बात का सशक्त उदाहरण है कि जनभागीदारी, प्रशासनिक संकल्प और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता से कोई भी बच्चा विद्यालय से वंचित नहीं रह सकता। जिला कांकेर अब शाला त्यागी मुक्त बनने की दिशा में निर्णायक रूप से आगे बढ़ रहा है।

### मवेशी को बचाते...

को योगेश कुमार आतराम चला रहा था एवं सामने वाले सीट पर शरद कुमार रजक बैठा था। अभिजीत राणा, धनजय देहारी, युगल किशोर पीछे बैठा था। ग्राम मरकाटोला राधा स्वामी आश्रम के पास पहुंचे थे। वहां रोड़ पर दो जानवर भैंसा खड़ा हुआ था। योगेश कुमार का कार भैंसा के पास पहुंचने पर अचानक से एक भैंसा कार के सामने आने से भैंसा को बचाने के लिए योगेश कुमार ने अपने कार को रोड़ से नीचे उतार दिया और कार अनियंत्रित होकर रोड़ किनारे लगे महुआ के झाड़ में जाकर टकरा गया। कार पेड़ मे टकराने से कार क्षतिग्रस्त हो गया। कार में बैठे सभी पांचो लोगो को चोटें आई एवं कार के चालक योगेश कुमार आतराम को गंभीर चोट लगने के कारण 14 नवंबर को जिला अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गया। आरोपी चालक योगेश कुमार आतराम के खिलाफ धारा 106, 125 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### भीमसेना के हमले...

गया था। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घायलों का आमाबेड़ा में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है। विधायक विधायक उसेंडी ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की पहचान की जाए और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई हो। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की सक्रियता से क्षेत्र में स्थिति धीरे-धीरे सामान्य होती नजर आ रही है।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द और भाईचारा बनाए रखना बेहद जरूरी है। किसी भी संगठन या व्यक्ति को कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती। जिला अस्पताल में विधायक की इस पहल से घायलों और उनके परिजनों में भरोसा देखने को मिला। ग्रामीणों ने विधायक को अपनी समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर उन्होंने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# प्रदेश संगठन में भीमा और पुष्पलता को मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

भाजपा प्रदेश संगठन के द्वारा बीते दिनों विभिन्न मोर्चा में प्रदेश भर के भाजपाइयों की जिम्मेदारी तय कर उनकी सूची जारी की गई थी। जिसमें भाजपा युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, एसटी, एससी मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा समेत कई मोर्चे की जिम्मेदारी तय करते हुए प्रदेश भर से भाजपा के कार्यकर्ताओं को विभिन्न पदों पर जिम्मेदारी दी गई। जिनमें युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष तक विभिन्न मोर्चों में प्रदेश कार्य समिति सदस्य से लेकर जिला स्तर तक जिम्मेदारी दी गई जिसमें सुकमा जिले से भी कई भाजपाइयों को प्रदेश संगठन के विभिन्न मोर्चे पर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई। दोरनापाल पोलमपल्ली से मड़कम भीमा को भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। वहीं दोरनापाल के वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद पुष्पलता भदौरिया को महिला मोर्चा प्रदेश कर्य समिति सदस्य की जिम्मेदारी दी गई।

■ दोरनापाल के भाजपा पदाधिकारियों में हर्ष व्याप्त



जिसके बाद दोरनापाल में भाजपा जिला उपाध्यक्ष कोरसा सन्नू, जिला महामंत्री बलिराम नायक, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र भदौरिया, नगर पंचायत अध्यक्ष राधा नायक के नेतृत्व में नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी गई। इस दौरान मनीराम नायक, पार्षद सोढ़ी मंगली, गीता, मीडियम ललिता, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभय भदौरिया, विक्की, अजित आसिफ मौजूद थे। गौरतलब है कि मड़कम भीमा इससे पहले युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। जिसके बाद भाजपा जिला मंत्री की जिम्मेदारी पर भी रह चुके हैं वर्तमान में युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

इसके अलावा पुष्पलता भदौरिया महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी की जिम्मेदारी भी निभा चुकी है और दूसरी बार वार्ड पार्षद के रूप में भी निर्वाचित हो चुकी है और वर्तमान में महिला मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य की जिम्मेदारी दी गई है।

## खबर संक्षेप

### नियंत्रण ब्यूरो ने नितेश का किया सम्मान



**जगदलपुर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. जतिंदर पाल सिंह के निर्देश एवं मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर मानवाधिकार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर नितेश महंत श्रम निरीक्षक को समर्पित एवं निष्ठापूर्ण सेवा के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो बस्तर संभाग द्वारा परिवार सहित प्रसस्ती पत्र एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर ब्यूरो के संभागीय अध्यक्ष जगमोहन सोनी, संभागीय उपाध्यक्ष प्रेमदास मानिकपुरी, संभागीय महासचिव योगेंद्र कश्यप एवं जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र पटनायक शामिल रहे।

### विरेश बने भाजयुमो के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य

दंतेवाड़ा। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश इकाई ने विरेश मिश्रा को प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मनोनीत किया है। इस



मनोयन के लिए मिश्रा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं भाजयुमो नेतृत्व एवं संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में देश और राज्य के सर्वांगीण विकास हेतु युवाओं को जोड़ना और सशक्त बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने भाजपा की विचारधारा, संगठनात्मक सिद्धांतों और समाज कल्याण के कार्यों में पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ योगदान देने का संकल्प व्यक्त किया। विदित हो कि विरेश मिश्रा लगातार भाजपा संगठन के प्रमुख अभियानों और कार्यक्रमों में विभिन्न स्थानों में सक्रिय भूमिका में रहे हैं। छत्तीसगढ़ के विभिन्न चुनावों और क्षेत्रों में संगठन की अपेक्षा के अनुरूप उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया है।

### जीवन में अनुशासन व व्यक्तित्व विकास जरूरी



**गीदम।** वीरांगना मासक देवी नाग शासकीय आदर्श महाविद्यालय जावांगा के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी थे। उन्होंने उद्बोधन व्यक्तव्य में राष्ट्रीय सेवा योजना से विद्यार्थी जीवन में अनुशासन एवं व्यक्तिव विकास के बारे में बताया। विशेष अतिथि ग्राम सरपंच शैलेश अटामी ने त्याग, समर्पण एवम् विवेकानंद के पदचिन्हों पर चलने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ विवेक शर्मा ने स्वयंसेवकों को अभाव में किस तरह से अपने जीवन को उनके अनुकूल ढालकर लक्ष्यों के प्राप्ति के बारे में बताया। संचालन सुरेंद्र कुमार माहला कार्यक्रम अधिकारी ने किया।

## आदिवासी युवा विनिमय से राष्ट्र निर्माण की नई उड़ान

# गुरूग्राम हरियाणा के लिए रवाना हुए बस्तर के 40 आदिवासी युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आदिवासी युवाओं को राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ने और उनके सर्वांगीण विकास को गति देने की दिशा में 80 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं मेरा युवा भारत जगदलपुर की संयुक्त पहल के तहत 17वें आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम 2025-26 के लिए 40 आदिवासी युवक-युवतियों को गुरुग्राम (हरियाणा) के लिए रवाना किया गया। 20 दिसम्बर को आयोजित इस प्रस्थान कार्यक्रम में 80 बटालियन की ओर से 20 तथा मेरा युवा भारत जगदलपुर की ओर से 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

■ 80 बटालियन सीआरपीएफ व मेरा युवा भारत की संयुक्त पहल

यह सात दिवसीय कार्यक्रम 22 से 28 दिसम्बर तक गुरुग्राम में आयोजित होगा,जिसमें देश के विभिन्न आदिवासी अंचलों से आए युवक-युवतियां सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को सांस्कृतिक आदान-प्रदान,शैक्षिक संवाद, सामाजिक सहभागिता और नेतृत्व विकास से जुड़े अनुभव प्राप्त होंगे। यह मंच युवाओं को विविधता में एकता की भावना से जोड़ते हुए आत्मविश्वास,अनुशासन और राष्ट्रीय दृष्टिकोण को सुदृढ़ करेगा। यात्रा से पूर्व युवाओं से संवाद करते हुए उन्हें सतर्कता, अनुशासन और सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया तथा प्राप्त अनुभवों को अपने समाज और क्षेत्र के विकास में साझा करने का आह्वान किया गया। इस पहल को आदिवासी युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम माना जा रहा है, जो उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव की नींव रखेगा।



समाचार के अंत में कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों में 80 बटालियन सीआरपीएफ के कमांडेंट जितेन्द्र कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी पुरुषोत्तम कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी उत्तपल गोगई,सहायक कमांडेंट ओम कुमार गुप्ता, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी वेंकट विकास तथा मेरा युवा भारत बस्तर के जिला युवा अधिकारी कुमार शिवम शामिल रहे।

### क्रमबद्ध पहल का प्रभाव

आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को देश के विभिन्न हिस्सों की संस्कृति,शिक्षा और सामाजिक संरचना से प्रत्यक्ष परिचय मिलता है,जिससे उनके दृष्टिकोण का विस्तार होता है। अनुशासन, नेतृत्व और सामूहिक जीवन के अनुभव उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। विभिन्न गतिविधियों के जरिए अर्जित ज्ञान और कौशल जब वे अपने गांव-समाज में साझा करते हैं,तो स्थानीय विकास, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को मजबूती मिलती है।

## डॉ. नरगिस को मिली भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की सहमति से भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्षों की घोषणा की गई। दंतेवाड़ा में डॉ नरगिस अंसारी को अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष की महत्तवपूर्ण जिम्मेदारी संगठन में सौंपी है। देर शाम सुची जारी होने के बाद में भाजपा पदाधिकारियों एव कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर नरगिस को शुभकमनाएं दी। उन्होंने कहाकि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एव जिला नेतृत्व ने उन्हें भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा दंतेवाड़ा के जिलाअध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। इसके लिए वह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मखमूर खा समेत शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होने कहा कि वह इस दयित्व का निर्वाह पूरी निष्ठा से करेंगे।

■ समाज को एकजुट करने में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगी

उनको कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व विश्वास दिलाती हूं कि मैं संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर अल्पसंख्यक समाज को जोड़ने का सार्थक कार्य करूंगी एव समाज को एकजुट करने में अपनी पूरी निष्ठा से कार्य करूंगी।

## जानलेवा गड्ढों पर चला प्रशासन का पैचवर्क, शुरू हुई सड़क मरम्मत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मददेड़

खबर का असर

बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लॉक के मददेड अंतर्गत पेगड़पल्ली के पास नेशनल हाईवे पर लंबे समय से बने जानलेवा गड्ढों को लेकर प्रकाशित खबर का आखिरकार प्रशासन पर असर दिखाई देने लगा है। आए दिन हो रही दुर्घटनाओं, दोपहिया वाहन चालकों के घायल होने और मौत के मामलों को उजागर करने के बाद अब संबंधित विभाग हरकत में आ गया है। खबर सामने आने के बाद एनएच पर गड्ढों की पैचवर्क का कार्य शुरू कर दिया गया है। मशीनों और मजदूरों की मदद से सड़क के बड़े-बड़े गड्ढों को गिट्टी डामर से भरा जा रहा है, ताकि यातायात सुचारू हो सके और दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

नागरिकों का कहना है कि बरसात के बाद से सड़क की हालत बेहद खराब हो गई थी। रात के समय गड्ढे दिखाई नहीं देते थे जिससे बाइक सवार और छोटे वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे थे। कई बार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई, लेकिन मीडिया में मामला उठते ही विभाग सक्रिय हुआ। हालांकि लोगों ने यह भी मांग की है कि सिर्फ अस्थायी पैचवर्क नहीं बल्कि स्थायी सड़क निर्माण किया जाए, ताकि भविष्य में फिर से जान जोखिम में न पड़े। ग्रामीणों और राहगीरों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन आगे भी इसी तरह जिम्मेदारी निभाएगा।

# 89 वर्षीय बुजुर्ग ने अपनी पेंशन को किया दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर हाई स्कूल के इतिहास में एक भावुक और प्रेरणादायक क्षण तब देखने को मिला, जब वर्ष 1948 के पांचवी कक्षा के प्रथम बैच के विद्यार्थी कृष्ण मुरारी महापात्र ने अपनी पेंशन राशि में से 21000 विद्यालय को दान स्वरूप भेंट किए। उन्होंने 1948 से 1959 तक इसी विद्यालय में पांचवी से 11वीं कक्षा तक अपनी शिक्षा ग्रहण की थी। शिक्षा के प्रति अपनी कृतज्ञता और विद्यालय से जुड़ी स्मृतियों को सहेजते हुए



उन्होंने यह दान दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा महापात्र का 89वां जन्मदिन बड़े ही आत्मीय वातावरण में स्कूल परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर उनका सम्मान किया और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्राचार्य राम कुमार, राकेश तिवारी, श्यामलाल देवांगन,भूतपूर्व छात्र ओमप्रकाश मोहंती, देवेंद्र महापात्र, महेंद्र महापात्र एवं प्रतीक्षा महापात्र एवं उनके साथ पढ़े सहपाठियों की गरिमामयी उपस्थिति रहें।

### शिक्षा समिति सभापति ने शाला का किया निरीक्षण



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत चयनित डी ग्रेड शाला खाले पारा टांड़पाल का निरीक्षण आज रितेश दास जोशी जनपद पंचायत तोकापाल के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति सभापति ने किया। निरीक्षण के दौरान जोशी ने बच्चों तथा शिक्षकों से गुणवत्ता जांच हेतु विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी ली। धारा प्रवाह अंग्रेजी पाठ्य पुस्तक पठन, सुलेख लेखन हिंदी तथा अंग्रेजी, 10 तक पहाड़ा याद कराने पर बल देने पर बल दिया। इसके साथ ही बच्चों को प्रतिदिन गृह कार्य देने एवं नियमित जांच करने का आग्रह शिक्षिका से किया। साथ ही जो अनुपस्थित बच्चे हैं उनके पालक से संपर्क कर उन बच्चों को शाला तक लाने का प्रयास करने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री का निर्देश है कि सभी स्कूल ए ग्रेड में आए। मैंने यह स्कूल आज गोद लिया है और इसका आकलन किया है जो भी कमी दिख रही है उसका निराकरण हम सब मिलकर करेंगे।

# हाई स्कूल मधोता में साइकिल वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर ब्लॉक के हाई स्कूल मधोता के प्रांगण में मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बस्तर सांसद ममहेश कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर हाई स्कूल मधोता जोन के अंतर्गत आने वाले बांलेगा, लामकेर, रोतमा, भैंसगांव एवं बड़े चकवा की छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। इस दौरान कार्यक्रम में मनीराम कश्यप, शकुंतला कश्यप, सुखदेव मंडावी, जयवती कश्यप, सरपंच कलावती यादव, मदन बघेल, ईस्पर मंडावी मौजूद थे।शिक्षा विभाग की ओर से सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी, बीआरसी अजम्बर कोरार्म, संकुल प्राचार्य हाई स्कूल मधोता श्यामलाल नेताम, कुलभूषण सिंह ठाकुर, बिर्जेस प्रसाद,चरण कश्यप, सीआर नाग उपस्थित रहे।




इसके साथ ही संकुल समन्वयक कृष्णा सिंह ठाकुर एवं हरदेव बघेल, संकुल खड़का एवं कुंडगुड़ा के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा उनके पालकगण बड़ी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सांसद महेश कश्यप ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल है।

## संभागीय अध्यक्ष व बीजापुर, सुकमा जिला के नेता रहे एलमगुंड़ा जोर की बैठक में शामिल

# जोन स्तर की बैठक में गाजे-बाजे से हुआ दोरला समाज प्रमुखों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

बीते दिनों एलमागुंड़ा जोन के ग्राम पंचायत दुलेड़ के पटेलपारा में विकास खंड स्तरीय दोरला समाज का बैठक आहुत किया गया।

बैठक में सांस्कृतिक नीति रिवाज पूजा-पाठ रहन-सहन वेशभूषा तीज-त्यौहार रिश्ते-नाते को लेकर वर्तमान समय के परिदृश्य में होने वाले परिवर्तन सामाजिक सौहार्द्र एकरूप एकता तीज-त्यौहार में तेजी से होने वाले बदलाव को महसूस करते हुए समयानुकूल समाज को सामंजस्य बना कर चलने चर्चा कर समाधानों पर बल दिया गया।

इस जोन स्तर के बैठक में ग्राम दुलेड़ के आसपास के ग्रामों के पटेल पुजारी पेरमा गायता, नागरिक, युवा युवतियां, कर्मचारी को आमंत्रित किया गया था। दोरला समाज ने अपने संगठन के बैनर तले एक वृहद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। जिसमें बीजापुर सुकमा जिले के संगठन के पदाधिकारी वक्ताओं ने वर्तमान परिदृश्य में सामाजिक बदलावों के अनुरूप ढलने व अनावश्यक खर्चों परंपरा से हटकर गलत अनचाहे रीतियों के प्रचलन को आत्मसात न करने पर बल देते हुए। सामाजिक कार्यक्रमों में मदिरा मांस परोसने फूहड़ नृत्य गीत समगोत्र में रिश्ते बनाने धर्म परिवर्तन करने जैसे अनेक मुद्दों पर चर्चा कर समाज को आईना दिखाने का काम किया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर दोरला समाज के संभागीय अध्यक्ष अनिल मुरका कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विष्णु कवासी विशेष अतिथि मनीष कुंजाम, महेश कुंजाम, वेक्को हूंगा, माड़वी देवा, माड़वी हिड़मा, सोयम भीमा, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी तथा बीजापुर जिला अध्यक्ष उसूर ब्लॉक अध्यक्ष शामिल थे।





### एलमागुंडा जोन के दोरला समाज अध्यक्ष बने दीपक

दोरला समाज द्वारा कोंटा विकासखंड के जोन स्तरीय एलमागुंड़ा बैठक में दोरला समाज के जिला अध्यक्ष सोयम नागेश, ब्लॉक अध्यक्ष आस मुकेश और जिला एवं ब्लॉक स्तर के सामाजिक पदाधिकिरियों के मार्गदर्शन में एलमागुंड़ा जोन अध्यक्ष के रूप में सलवम दीपक, उपाध्यक्ष बारसे चंद्रा, गड्डो बदरा, सचिव सोड़ी नागेश, सहसचिव उईका रमेश, कोषाध्यक्ष कड़ती रामा, सह कोषाध्यक्ष सोड़ी मुत्ता, मीडिया प्रभारी मड़कम हुर्रा एवं उईका जंम्पू को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर संभागीय संरक्षक कट्टम सीताराम, मीडिया प्रभारी सोयम नारैया, सचिव मड़कम कन्ना सहित अनेक दोरला समाज के प्रमुख मौजूद थे।

### धान खरीदी कर्मचारियों को मिले आश्वासन पर शीघ्र अमल के संकेत

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से जुड़े कर्मचारियों को दिए गए आश्वासनों के शीघ्र क्रियान्वयन के संकेत मिले हैं। धान खरीदी जैसे अत्यंत संवेदनशील कार्य में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटरों एवं सहकारी कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर राज्यभर में व्यापक असंतोष सामने आया था। इसी के चलते 3 नवंबर 2025 से छत्तीसगढ़ कर्मचारी महासंघ एवं समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के संयुक्त तत्वावधान में बृहद अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू हुआ, जिससे प्रदेश की अधिकांश सहकारी समितियों में कामकाज ठप हो गया। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सरकार को आनन-फानन में वैकल्पिक व्यवस्थाएं करनी पड़ीं और पटवारी, आरईओ, कृषि विभाग के कर्मचारी, शिक्षक तथा अन्य विभागीय अमले को धान खरीदी की जिम्मेदारी सौंपी गई।

**शपथ पत्र**

1. मनमीत सिंह उम्र 20 वर्ष पिता मंजीत सिंह, निवासी ग्राम-पखांजूर, पोस्ट - पखांजूर, तह. पखांजूर, जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.) ...शपथकर्ता

उपरोक्त शपथकर्ता सत्य निष्ठा पूर्वक निम्न कथन सादर प्रस्तुत करता हूं की :-

1. यह कि शपथकर्ता उपरोक्त पते का स्थायी निवासी है।
2. यह कि शपथकर्ता के ड्राइविंग लाइसेंस में नाम MANMEET SINHG है, जो कि त्रुटिपूर्ण है।
3. यह कि शपथकर्ता का वास्ताविक सही MANMEET SINGH है, जो जन्म प्रमाण पत्र एवं अंकसूची में दर्ज है।
4. यह कि शपथकर्ता के ड्राइविंग लाइसेंस में त्रुटिपूर्ण नाम MANMEET SINHG सुधार कर सही नाम MANMEET SINGH दर्ज करना चाहता हूं।
5. यह कि उक्त ड्राइविंग लाइसेंस में सही नाम MANMEET SINGH दर्ज करने हेतु शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष सादर प्रस्तुत है।

मनमीत सिंह
शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता उपरोक्त सत्य निष्ठा पूर्वक सत्यापन करता हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका क्र. 01 से 05 में वर्णित समस्त वृतान्त मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, सही और सम्पूर्ण है, अतः आज दिनांक 19/12/2025 को स्थान पखांजूर में मेरे द्वारा सत्यापित एवं हस्ताक्षरित किया गया।

स्थान - पखांजूर
दिनांक - 19/12/2025

मनमीत सिंह
शपथकर्ता

## खबर संक्षेप



### संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा में पहुंचे विधायक

**भानुप्रतापपुर।** विकासखण्ड दुर्गूकोंदल में आयोजित संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन अवसर पर भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना किया। इस अवसर पर चन्द्रिका नेताम, आनंद तेता, सुलोचना कोरेटी, सोपसिंग आंचला, सुनाराम तेता, पीलम नरेटी, बलराम टेमरिया, सोमदेव कोरेटी, कैलाश नेताम, मुकेश दर्रो, रामरतन नेताम, भुनेश्वर नेताम, धर्मेन्द्र नेताम, दीनदयाल पटेल, राजू संघोरिया, नंदकिशोर नेताम,अमीत दुग्गा, हेमंत नरेटी, सुरेश नरेटी, मनोहर नेताम, आमाकड़ा संकुल के सभी शिक्षकगण बच्चे एवं ग्रामवासी उपस्थित रहें।

### जिले में 15.70 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी

**कांकेर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत जिले के सभी 149 उपार्जन केंद्रों तथा 70 सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों से धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जा रही है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक कुल 15 लाख 70 हजार 725 क्विंटल धान की खरीदी संपन्न हो चुकी है, जिसमें 15 लाख 49 हजार 128 क्विंटल मोटा धान तथा 20 हजार 418 क्विंटल पतला और 01 हजार 177 क्विंटल सरना वैरायटी का धान सम्मिलित है। उन्होंने बताया कि टोकन तुंहर हाथ एप के जरिए सभी किसानों को अब सप्ताह के सातों दिन और 24 घण्टे ऑनलाइन माध्यम से तथा उपार्जन केन्द्र में पहुंचकर टोकन प्राप्त करने की सुविधा प्रारंभ हो गई है। उल्लेखनीय है कि कांकेर जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 149 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं तथा धान खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए खरीदी केन्द्र प्रभारी तथा पर्यवेक्षण व निगरानी के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है।

### साहू समाज की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर की चर्चा



**भानुप्रतापपुर।** साहू समाज भवन में परिक्षेत्र समस्त साहू समाज की बैठक हुई। बैठक में साहू समाज का गठन किया गया। संगठनात्मक गतिविधियाँ को लेकर साहू समाज सक्रिय रूप से अपने संगठन को मजबूत कर रहा है। आयोजित बैठक संरक्षक कमल नारायण साहू, ईश्वर प्रसाद साहू,केशव राम साहू, गोविंद राम साहू, अध्यक्ष रमेश सोनगेड, उपाध्यक्ष रोहिदास साहू, लिखेश्वरी साहू, संगठन सचिव सुरेंद्र कुमार साहू, प्रेमलता साहू, सचिव कुंदन साहू, कोषाध्यक्ष अमर दास साहू, मीडिया प्रभारी अजय साहू को बनाया गया है। इसी तरह न्याय समिति में लखन लाल साहू, प्रेमलाल साहू,हेमन्त साहू, भूखन साहू, रमेश साहू, छबिलाल साहू, लिगेन्द्र साहू, गिरजा साहू, गायत्री साहू, उषा साहू, इसी तरह परिक्षेत्र युवा साहू समाज की ओर से अध्यक्ष संजय कुमार साहू, उपाध्यक्ष राजेश कुमार साहू, सचिव जंगलाल साहू, सह-सचिव संतलाल साहू, कोषाध्यक्ष चमन साहू, सह कोषा महेश साहू को बनाया गया है। वहीं परिक्षेत्र महिला साहू समाज अध्यक्ष उमा साहू, उपाध्यक्ष गोदावरी साहू,सचिव सीमा साहू, सह सचिव पेमिन साहू, कोषाध्यक्ष यामिनी साहू, सहकोषा मधु साहू, सेवेती साहू को बनाया गया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने कहा समाज के लिए जो जिम्मेदारी मिली है उसे हर संभव प्रयास समाज कल्याण के हित में होगा साथ ही साथ समाज को नए आयाम नई दिशा की ओर ले जाने का प्रयास रहेगा।

# संगठन प्रभारी का बैठक में भाजपा को बूथस्तर तक मजबूत बनाने का आव्हान

## जिला संगठन प्रभारी का पहला प्रवास, भाजपा कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह और एकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन प्रभारी नियुक्त होने के पश्चात धमतरी की पूर्व विधायक रंजना साहू का प्रथम बार भाजपा जिला कार्यालय कमल सदन आगमन हुआ, जहाँ उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कमल सदन में महत्वपूर्ण संगठनात्मक और परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। जिला संगठन प्रभारी पूर्व विधायक रंजना साहू ने सभी का परिचय प्राप्त कर संगठन द्वारा दिए गए नए दायित्व के लिए प्रदेश नेतृत्व का धन्यवाद किया। उन्होंने जिले में संगठन को विस्तार देने व पार्टी की रीति नीति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी ईमानदारी व प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की बात कही। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक पहुंचाने का आव्हान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन व विधायक आशाराम नेताम ने रंजना साहू का स्वागत करते हुए कहा कि रंजना साहू के मार्गदर्शन में पार्टी को जिले में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने भाजपा मोर्चा प्रकोष्ठ में नवनियुक्त पदाधिकारियों को नए दायित्व के लिये बधाई दी और कहा कि संगठन द्वारा जो भी निर्देश मिलेगा उसे सब मिलकर पूरा करेंगे। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एकजुट होकर पार्टी को मजबूत बनाने और क्षेत्र के विकास के लिए काम करने का संकल्प लिया। आगामी कार्यक्रम भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी पर 24 से 31 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे और साथ ही 26 दिसंबर वीर बाल दिवस भी मनाए जाने पर विशेष चर्चा हुआ।



### ये रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, पूर्व विधायक सुमित्रा मरकोले, नगर पलिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, दिलीप जायसवाल, राजीव लोचन सिंह, जिला महामंत्री जितेंद्र मरकाम, जिला मंत्री संजय सिन्हा, उत्तम जैन, हेम प्रभा कटबेर, अनिता सोनी, बृजमोहन तिवारी, दीपक खटवानी, प्रदीप जायसवाल, उगेश्वरी उइके, कमलेश उसेंडी, संतोष भास्कर, गिरधर यादव, अशोक कचलम, लक्ष्मी नारायण साहू, संजू गोपाल साहू, अरविंद जैन, ईश्वर कावड़े, झाडूराम बेसरा, सलीम मेमन, घनेद्र ठाकुर, मीरा सलाम, जीवन नेताम, उत्तम यादव, मंजू सारथी, टिकेंद्र ठाकुर सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

सियासत : भाजयुमो अध्यक्ष बनने के उपरांत कांकेर नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

# निष्ठा और ईमानदारी से जिम्मेदारी को पूरा कर भाजपा का विश्वास पाना लक्ष्य : संजू गोपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नव-नियुक्त अध्यक्ष बनने के उपरांत जब पहली बार अध्यक्ष संजू गोपाल साहू का कांकेर नगर आगमन हुआ, तो पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कांकेर के मुख्य कार्यक्रम स्थल में भाजयुमो व भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों और गगनभेदी नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

स्वागत के दौरान युवा कार्यकर्ताओं ने केसरिया झंडे लहराते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा जिंदाबाद, नव-नियुक्त अध्यक्ष का अभिनंदन जैसे नारों से वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर कांकेर जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता, जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्वागत कार्यक्रम के दौरान भाजयुमो अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यकर्ताओं ने इसे युवाओं के लिए गौरव का क्षण बताया और कहा कि एक ऊर्जावान, कर्मठ और संगठन के प्रति समर्पित नेतृत्व मिलने से युवा मोर्चा को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने नव-नियुक्त अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भाजयुमो नई ऊंचाइयों को छुएगा। नेताओं ने कहा कि कांकेर सहित पूरे जिले के युवा संगठन के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

स्वागत से अभिभूत भाजयुमो अध्यक्ष संजू गोपाल साहू ने उपस्थित कार्यकर्ताओं और नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान व्यक्तिगत नहीं बल्कि पूरे युवा मोर्चा और भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान है। पार्टी ने जिस विश्वास और प्रेम के साथ यह जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होने आश्वासन दिया कि वे सभी का साथ लेकर संगठन को और अधिक मजबूत करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं की भूमिका आज देश और प्रदेश के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण है और भाजयुमो युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का कार्य करता रहेगा।

अध्यक्ष ने अपने संबोधन में संगठनात्मक मजबूती पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आने वाले समय में बूथ स्तर तक युवाओं को सक्रिय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में युवा मोर्चा जिला में संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगा। युवाओं को रोजगार, शिक्षा, खेल, तकनीक और सामाजिक सरोकारों से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

उन्होंने आगे कहा कि भाजयुमो केवल राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज सेवा, राष्ट्र सेवा और युवाओं के संर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करता है। युवाओं को नशा मुक्त समाज, स्वच्छता अभियान, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण और डिजिटल साक्षरता जैसे अभियानों से जोड़ा जाएगा।






### आयोजित कार्यक्रम में रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में मार्गदर्शन देने के लिए विधायक आशाराम नेताम, मत्स्य बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, दिलीप जायसवाल, नपा अध्यक्ष अरूण कौशिक, जिला महामंत्री राजा पाण्डेय के अलावा नवनियुक्त भाजयुमो जिला महामंत्री घनेंद्र ठाकुर, दीपक खटवानी, गिरधर यादव, टिकेश्वर सिन्हा, पीयूष वलेचा, मोंटी खटवानी, जतिन अटभैया एवं अन्य भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दुर्गूकोंदल धान खरीदी केंद्र का कांग्रेस ने किया निरीक्षण, तौल पर उठाए सवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल स्थित धान खरीदी केंद्र का जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का निरीक्षण टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने मौके पर उपस्थित किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनकी शिकायतों का अवलोकन किया। किसानों ने धान खरीदी प्रक्रिया में अनियमितताओं, विशेषकर तोल प्रक्रिया में अतिरिक्त वजन लिए जाने की शिकायत प्रमुखता से उठाई। किसानों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कांग्रेस की निरीक्षण टीम ने मौके पर ही तहसीलदार को धान खरीदी केंद्र में बुलाया। किसानों की उपस्थिति में तहसीलदार, खरीदी प्रभारी एवं प्रबंधक से चर्चा की गई। इस दौरान किसानों ने बताया कि धान की खरीदी के समय उनसे 41,300 ग्राम तक अतिरिक्त तोल लिया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। निरीक्षण टीम के सदस्यों ने खरीदी प्रभारी को स्पष्ट शब्दों में समझाइश देते हुए कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार से परेशान न किया जाए। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों के साथ अन्याय जारी रहा तो कांग्रेस पार्टी किसानों के हित में हर स्तर पर संघर्ष करने के लिए बाध्य होगी और साथ ही तहसीलदार से खरीदी सीमा लिमिट बढ़ाने की मांग भी रखी गई। इस पर तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि खरीदी लिमिट बढ़ाना उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि उनके पास इसका अधिकार होता तो वे पहले ही लिमिट बढ़ा चुके होते। निरीक्षण टीम ने प्रशासन से शीघ्र व्यवस्था सुधारने एवं किसानों की समस्याओं का स्थायी समाधान करने की मांग की। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी से जुड़े कृषि सभापति प्रतिनिधि सोमदेव कोरेटी, भूतपूर्व सरपंच धनेश नरेटी, सुखचंद प्रजापति, उदय पुरामे, सियाराम दार्रो, हृदय बघेल सहित किसान उपस्थित रहे।

# बाल क्रीड़ा के समापन पर विधायक सावित्री ने बच्चों को किया उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम कोटपारा, ग्राम पंचायत आमाकड़ा में आयोजित संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन समारोह हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि खेलकूद बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया तथा विजेता एवं प्रतिभागी सभी बच्चों की सराहना की। समारोह में आमाकड़ा संकुल के समस्त शिक्षकगण, बड़ी संख्या में विद्यार्थी तथा ग्रामवासी भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने आयोजन समिति एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का सशक्त माध्यम हैं। समापन समारोह ने न केवल बच्चों में खेल भावना को प्रोत्साहित किया, बल्कि ग्राम स्तर पर सामूहिक सहभागिता और उत्सव का वातावरण भी निर्मित किया। कार्यक्रम में सरपंच चन्द्रिका नेताम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आनंद तेता, सदस्य सुलोचना कोरेटी, भानुप्रतापपुर जनपद अध्यक्ष पंचायत सुनाराम तेता, सदस्य पीलम नरेटी एवं बलराम टेमरिया, सोमदेव कोरेटी, कैलाश नेताम, मुकेश दर्रो, रामरतन नेताम, भुनेश्वर नेताम, धर्मेन्द्र नेताम, दीनदयाल पटेल, राजू संघोरिया, नंदकिशोर नेताम, अमीत दुग्गा, हेमंत नरेटी, सुरेश नरेटी एवं मनोहर नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दीदी सम्मेलन में महिला सशक्तिकरण स्वावलंबन और रोजगार पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



विकासखंड नरहहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कनहनपुरी में महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ाने के उद्देश्य से दीदी सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत कनहनपुरी एवं बाबूसाहेबटोला की दीदी समूहों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं की मौजूदगी ने यह संदेश दिया कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं अब जागरूक होकर अपने अधिकारों, आजीविका और आत्मसम्मान के लिए संगठित हो रही हैं।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष सोमन कावड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संस्था से शुभम, नितिन एवं अन्य कार्यकर्ता, बीहान योजना से कार्यकर्ता, सरपंच वीणा कुंजाम, सरपंच अमरीका हुर्रा उपस्थित रहें। अतिथियों का महिलाओं द्वारा पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया, जिससे कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक बन गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनने के लिए प्रेरित करना रहा। इस दौरान महिलाओं की आजीविका संवर्धन, स्वरोजगार के अवसर, स्वयं सहायता समूहों की भूमिका, बचत एवं ऋण प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि किस प्रकार महिलाएं विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विभागीय कार्यक्रमों से जुड़कर अपनी आमदनी बढ़ा सकती हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बना सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। दीदी समूहों की सदस्यों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि समूह से जुड़ने के बाद उनके जीवन में किस प्रकार सकारात्मक बदलाव आए हैं। कई महिलाओं ने स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की अपनी यात्रा साझा की, जिससे अन्य महिलाओं को भी प्रेरणा मिली। चर्चा के माध्यम से यह समझ विकसित की गई कि आपसी सहयोग, नियमित बचत और योजनाओं की सही जानकारी के जरिए महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ सकती हैं। सम्मेलन में महिलाओं के आत्मविश्वास और आपसी तालमेल को बढ़ाने के लिए विभिन्न खेलों और गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। इन खेलों ने न केवल महिलाओं का उत्साह बढ़ाया, बल्कि उनमें टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं में उत्साह, उमंग और एकजुटता का स्पष्ट रूप से अनुभव किया गया। अंत में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली दीदियों को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह ने अन्य महिलाओं को भी आगे बढ़ने और अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। सम्मान प्राप्त करने वाली महिलाओं ने इसे पूरे समूह की मेहनत और सहयोग का परिणाम बताया।

आतुरबेड़ा व भैंसगांव प्राशा, मा शाला भैंसगांव एवं हाई स्कूल तालाबेड़ा का किया नरीक्षण

# अंतागढ़ के स्कूलों का डीईओ ने निरीक्षण कर शिक्षा गुणवत्ता व मध्यान्ह भोजन जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिले के सुदूर एवं दुर्गम अंचल में शिक्षा की स्थिति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय कांकेर अंतर्गत विकासखंड अंतागढ़ के अंतिम छोर, जो जिला नारायणपुर की सीमा से लगा हुआ है, वहां स्थित शैक्षणिक संस्थानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्राथमिक शाला आतुरबेड़ा, प्राथमिक शाला भैंसगांव, माध्यमिक शाला भैंसगांव एवं हाई स्कूल तालाबेड़ा का गहन निरीक्षण किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं नवनीत पटेल डीएमसी द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कक्षा 1 से 8 तक की कक्षाओं में शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया, मध्यान्ह भोजन योजना एवं अन्य शैक्षणिक बिंदुओं की बारीकी से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने शिक्षकों को नियमित अध्यापन, बच्चों की सतत निगरानी एवं शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि इन सुदूर एवं खनिज प्रभावित क्षेत्रों के कई बच्चे आज तक जिला मुख्यालय कांकेर भी नहीं देख पाए हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरीश मंडावी द्वारा विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशानुसार इन खनिज प्रभावित एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर जिला मुख्यालय कांकेर लाया जाएगा। इस भ्रमण के माध्यम से बच्चों को जिले में संचालित प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं विकासात्मक कार्यप्रणाली से अवगत कराया जाएगा, ताकि उनके ज्ञान, आत्मविश्वास और सोच का विस्तार हो सके। यह शैक्षणिक भ्रमण शीतकालीन अवकाश के दौरान आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही विकासखंड कोयलीबेड़ा के चारगांव क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी इस शैक्षणिक भ्रमण में शामिल किए जाने की योजना है। अधिकारियों का मानना है कि इस प्रकार के शैक्षणिक दौरों से बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी और वे अपने भविष्य के प्रति अधिक जागरूक होंगे। जिला प्रशासन की यह पहल सुदूर अंचलों के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय और दूरदर्शी कदम मानी जा रही है, जो आने वाले समय में जिले की शैक्षणिक तस्वीर को सकारात्मक रूप से बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### मोटिवेशन सह सम्मान समारोह का आयोजन

**भानुप्रतापपुर।** अनुसूचित जनजाति कर्मचारी अधिकारी शासकीय सेवक संघ जिला कांकेर की ओर से गोंडवाना भवन भानुप्रतापपुर में 21 दिसंबर रविवार को 10 से शाम 5 बजे तक मोटिवेशन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग से विभिन्न पदों पर चयनित युवा एवं मावा मोदोल से 46 आरक्षक पद पर चयनित एवं नीट के अलावा अन्य विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित कांकेर जिला के युवक युवतियों का सम्मान किया जाएगा।

